## एथेनॉल चावल घोटाले में बड़ी कार्रवाई

# भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री का भाई कुमार कावरे गिरफ्तार

### भोपाल में दबिश देकर पुलिस ने पकड़ा, वारासिवनी न्यायालय में किया जायेगा पेश



**बालाघाट, देशबन्धु।** जिले से बहुचर्चित हुये एथेनाल चावल घोटाले की आंच अब पूर्व मंत्री के भाई तक भी पहुंच गई है। हर्ष इंडस्ट्री फर्म में हिस्सेदारी रखने वाले राजकुमार कावरे को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। जिन्हें 21 सितम्बर को बालाघाट लाया जायेगा और वारासिवनी न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड चाही जायेगी, चावल घोटाला प्रकरण में यह अब तक की सबसे बड़ी गिरफ्तारी है क्योंकि सीधे तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री के परिवार पर घोटाले की आंच पहुंची है, क्योंकि उनके भतीजे अविनाश कावरे और बेहद करीबी विनोद शर्मा को पहले ही पुलिस इस प्रकरण में गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है तथा कुमार कावरे की गिरफ्तारी को अहम माना जा रहा है। प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के अलावा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उईके के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस मुखरता दिखाते हुए सवाल उठा रहा था।

#### वारासिवनी से उजागर हुआ था घोटाला

बालाघाट जिले के देश-प्रदेश में सुर्खियों में आने वाला मामला वारासिवनी से सामने आया था। पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर घेराबंदी कर दी गई थी और 3 जून को वारासिवनी की संचेती राईस मिल में दबिश दी गई जहां सरकारी चांवल खाली करता हुआ ट्रक पाया गया जिसे जब्त किया गया था, साथ ही सरकारी रैपर भी बरामद किये गये थे। खास बात यह थी कि एफसीआई गोदाम से यह ट्रक एवीजे एथेनॉल प्लांट छिंदवाड़ा में जाने के लिये निकला था लेकिन सरकारी चावल की अफरा-तफरी कर दी गई और ऐसे बड़े घोटाले का पर्दाफाश हुआ। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने इस मामले की जांच के लिय एसआईटी का गठन किया और टीम ने जांच में सामने पाया कि एथेनॉल प्लांट के नाम पर सरकारी गोदामों से निकलने वाले चावल की बड़े पैमानी खरीद-फरोख्त की जा रही है। गरीबों का फोर्टिफाइड चावल प्लांट न जाकर दलालों के जरिए राइस मिलरों को बेचा जा रहा है। मिलरों ने इसी चावल को रिसाइकिल कर वापस कस्टम मिलिंग में सरकार को भी जमा कर दिया और गोरखधंधे में अवैध तरीके से मुनाफा कमाया गया है। राईस मिलर्सो में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया से जुड़े मिलर्सो की भूमिका भी सामने आई थी, जिसके बाद वहां भी दबिश देकर गिरफ्तारियां की गई है।

#### हर्ष राईस इंडस्ट्री पर उठे थे सवाल



बालाघाट में चर्चित चावल घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच दल ने प्रकरण में पूर्व मंत्री के भाई की फर्म हर्ष राइस मिल में छापेमारी की थी और दो दर्जन से ज्यादा ट्रक जब्त किये गये थे, मौके से कईखाली बोरियां भी मिली हैं थी। राइस मिल के पार्टनर विनोद शर्मा और भतीजे अविनाश कावरे से पूछताछ के बाद यह छापेमारी हुई थी। इस फर्म में मुख्य साझेदार राजकुमार कावरे है, जो वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के बड़े भाई है। प्रकरण में अन्य साझेदारों की गिरफ्तारी हो जाने तथा कुमार कावरे को नहीं पकड़े जाने पर पूर्व सांसद कंकर मुंजारे तथा कांग्रेस द्वारा पुलिस की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठाये जा रहे थे, और इस मुद्दे पर जिले की राजनीति में गरमाहट बनी हुई थी।

#### अब तक इनकी हो चुकी है गिरफ्तारी

इस मामले में एफआईआर के बाद मामले की जांच कर रही एसआईटी टीम ने संचेती राईस मिल में मिले ट्रक के चालक दुर्गेश शेंडे, एवीजे एथेनाल प्लांट के प्रतिनिधि राहुल प्रताप, सुपरवाईजर राकेश श्रीवास्तव और सिवनी के ट्रांसपोर्टर उबेद खान, श्री बिहारी राईस मिल नैतरा संचालक बिहारी पटले, मुनीम अजीत बिसेन, शांति राईस मिल नैतरा के संचालक सुरेन्द्र राणा और विराज राईस मिल संचालक, गोंदिया महाराष्ट्र के खंडेलवाल राईस मिल संचालक भाईयों किशनलाल, जुगल खंडेलवाल, संचेती राईस मिल के भाई राजेश संचेती, हर्ष राईस मिल के पार्टनर विनोद शर्मा, गोपाल ठाकुर, अविनाश कावरे, और सिवनी के नंदगोपाल राईस इंडस्ट्रीज के ऑनर सोनु जैन को गिरफ्तार किया है, जबकि चर्चित नाम कुमार कावरे के रूप में जुड़ गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा बालाघाट, सिवनी, महाराष्ट्र के गोंदिया, छत्तीसगढ़ राज्य तक कार्यवाही करते हुए लगभग 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### भोपाल से किया कुमार को गिरफ्तार



चावल घोटाले में पुलिस ने दबिश देकर बड़ी कार्यवाही करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई कुमार कावरे को गिरफ्तार किये जाने की जानकारी है। सूत्रों के अनुसार वारासिवनी पुलिस ने रविवार की सुबह भोपाल के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में रचना टावर के आसपास से कुमार कावरे को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उन्हें लेकर पुलिस बालाघाट के लिये रवाना हो गई है और सोमवार 21 सितम्बर को वारासिवनी न्यायालय में पेश किया जायेगा। जहां से पुलिस द्वारा चावल घोटाले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने तथा हर्ष इंडस्ट्री की इसमें क्या भूमिका रही है इसे लेकर पूछताछ के लिये रिमाण्ड चाह सकती है। कुमार कावरे की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष का भाई होने की वजह से पार्टी में भी ऊहापोह की स्थिति देखी जा रही है।

## शहर से जुड़ेगा फोरलेन, मर्री टोल प्लाजा रहेगा यथावत, मिलेंगे पास

### नागपुर में केन्द्रीय मंत्री गडकरी से सांसद की मुलाकात



**बालाघाट, देशबन्धु।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद ने रविवार को नागपुर में मुलाकात की, जहां पर लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले के साथ ही बालाघाट जिला ट्रांसपोर्ट एवं बस एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। गडकरी के समक्ष मर्री टोल प्लाजा को हटाये जाने की मांग प्रमुख थी जबकि सड़क मार्ग कनेक्टिविटी एवं घोषणाओं के तहत नये फोरलेन मार्ग को लेकर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सांसद का विशेष सुझाव रहा कि बालाघाट शहर को फोरलेन से जोड़ा जाये वर्तमान नेशनल हाईवे की दूरी शहर से अधिक है जिसपर शहर के जयस्तंभ चौक तक बालाघाट-तुमसर-भण्डारा फोरलेन मार्ग का विस्तार होने के संकेत है। बालाघाट शहर से 10 किलोमीटर दूर गोंदिया मार्ग पर मर्री गांव के निकट नेशनल हाईवे का टोल प्लाजा स्थापित किया गया है जहां पर टोल वसूली भी प्रारंभ हो चुकी है। ट्रांसपोर्ट एवं बस एसोसिएशन ने इसका कड़ा विरोध जताया और फिर टोल प्लाजा पर चकाजाम आंदोलन भी किया गया। सांसद एवं विधायकों के साथ ही आम नागरिकों ने भी टोल वसूली पर नाराजगी व्यक्त की है जिसके फलस्वरूप बालाघाट के नागरिकों की मांग को उच्चस्तर पर उठाया गया है। सांसद भारती पारधी ने रविवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर में भेंट की जहां पर टोल वसूली अधिक किये जाने तथा नेशनल हाईवे की खराब सड़क को लेकर बातें रखी। जिसपर मंत्री गडकरी ने कहा कि टोल प्लाजा स्थापित हो चुका है उसे अब स्थानांतरित किया जाना संभव नहीं है विचार किया गया कि अब टोल प्लाजा के आसपास के गांवों एवं बस, ट्रक तथा अन्य चौपहिया वाहन जो नियमित आवागमन करते है उनके लिये पास की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही मंत्री श्री गडकरी ने खराब सड़क निर्माण किये जाने पर ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किये जाने के आदेश भी दिये है, सड़क का रखरखाव सही तरीके से होने और लोगों को फायदा मिलने को लेकर गंभीरता से काम किये जाने का भरोसा दिलाया है।

## वारासिवनी कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ

**बालाघाट, देशबन्धु।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान 2026 का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, इंडियन रेडक्रास सोसायटी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा.एसएस गेडाम ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अभियान विद्यार्थियों को सेवा, समर्पण, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। नोडल अधिकारी कृष्णा पराते, संयोजक विकास साहू एवं सहसंयोजक डॉ. योगेश बिसेन के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर एवं छात्रावास में 500 से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 57 गांवों में स्वास्थ्य सर्वे जारी, 624 बच्चों में से 594 स्वस्थ होकर लौटे

**बालाघाट, देशबन्धु।** बैहर एवं बिरसा विकासखंड के प्रभावित 57 ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे घर.घर स्वास्थ्य सर्वे और उपचार अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पिछले एक माह के दौरान विभिन्न मौसमी बीमारियों से प्रभावित 624 बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से 594 बच्चे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर स्वस्थ होकर अपने गांव लौट चुके हैं। वर्तमान में 30 बच्चे अस्पताल में उपचाररत हैं, जिनकी स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। आज 20 सितंबर को 07 बच्चों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर घर पहुंचाया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दैनिक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार 20 सितंबर तक प्रभावित 57 ग्रामों में 40862 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। सर्वे के दौरान 6717 मरीज विभिन्न बीमारियों से प्रभावित पाए गए। इनमें 94 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया गया, जबकि 6093 मरीजों का घर पर ही उपचार कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। सर्वे के दौरान सर्दी.खांसी.बुखार, मलेरिया, चर्मरोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा इंडक्शन प्रशिक्षण

**बालाघाट, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नव नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की दक्षता एवं कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य मैदानी स्तर पर बाल विकास योजनाओं, पोषण अभियान तथा विभिन्न सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

## किरनापुर में माहौल बनाना हैं मुफ्त में बांटो शराब

### थाना उपद्रव काण्ड में शराब की पेटियां देने वाला ढाबा संचालक पकड़ाया

**बालाघाट, देशबन्धु।** जिले के किरनापुर थाना काण्ड 15 सितम्बरक को उग्र भीड़ ने हमला किया था और तोड़फोड़ के साथ ही अराजकता का माहौल उत्पन्न किया था। इस मामले में पुलिस शराब और रूपयों का कनेक्शन इस एंगल पर जांच कर रही है जिसमें अहम सुराग मिले है। एक ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया गया है जिसने स्वीकार किया है कि माहौल बनाना है यह कहकर शराब की पेटियां ली गई थी और इसे मुफ्त में उपद्रवियों को बांटा गया था। मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये ढाबा संचालक



विकास डहाटे ने बताया कि 14 सितम्बर को एक परिचित स्वप्निल वराड़े ने कहा था कि किरनापुर में माहौल बनाना है तो भाऊ ने कहा है कि शराब चाहिये उसने 14 और 15 सितम्बर को शराब की पेटियां मलकापुरी में ढापे पर आकर लेकर गया था। किरनापुर के घटनाक्रम में पुलिस द्वारा 63 लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज की गई है जिसमें पूर्व सांसद कंकर मुंजारे, मरार माली समाज संगठन अध्यक्ष रमेश पांचे, सुसवा सरपंच प्रकाश बाहे सहित 100-200 अज्ञात महिला पुरूष भी शामिल है। एक ढाबा संचालक को पकड़ा गया है जिसका कहना है कि उसके ढाबे से शराब की पेटियां उठाई गई थी और किरनापुर में माहोल बनाना है इसलिए मुफ्त में शराब बांटने लेकर गये थे।

### हीरालाल नागोसे व मेशराम शरणागत की स्मृति में हुआ टूर्नामेंट का शुभारंभ

## हॉकी: बालाघाट ने भंडारा को 6-1 गोल से एकतरफा हराया



**बालाघाट, देशबन्धु।** स्थानीय शहीद चंद्रशेखर एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में हॉकी बालाघाट व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हीरालाल नागोसे व मेशराम शरणागत की स्मृति में 20 सितम्बर रविवार को तक हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मैच बालाघाट व भंडारा के बीच खेला गया। इसमें बालाघाट के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एकतरफ 6.1 गोल से जीत दर्ज की। मैच में एम्पायर सादाब खान भोपालए राजेश सेवईवार बालाघाट रहे। वहीं दूसरा मैच नरसिंहपुर व रायसेन के बीच हुआ। इसमें नरसिंहपुर 7.4 गोल से विजयी हुई। मैच में एम्पायर फ्लेश व भावेश बैतूल रहे। मैच प्रारंभ होते ही तेज बारिश प्रारंभ हो गई व खेल बारिश में ही चलता रहा। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने बारिश का आनंद लेते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन किया। आज का तीसरा मैच गोंदिया बनाम बालाघाट बी के बीच खेला गया। इसमें गोंदिया 3.0 गोल से विजयी हुई। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए खेल संगठन के पदाधिकारियों द्वारा भी काफी प्रयास किया जाता है। इससे खिलाड़ी जिले का नाम स्टेट व नेशनल प्रतियोगिता में सहभागिता कर बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रोशन कर रहे है। इस टूर्नामेंट का समापन 23 सितम्बर को किया जाएगा।

## मोती उद्यान में चली सतपुड़ा एक्सप्रेस ट्रॉय ट्रेन

### छात्रावास के आदिवासी बच्चों के साथ नपाध्यक्ष ने मनाया आनंद, शहरवासी भी हुये बेहद खुश

**बालाघाट, देशबन्धु।** शहर मोती उद्यान मे नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नागरिकों के लिये बेहतर वातावरण के साथ ही सुविधाओं को भी विस्तृत किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 सितम्बर को ट्रॉय ट्रेन का शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने यह खुशी बालाघाट शहर के विभिन्न छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले आदिवासी बच्चों के साथ मनाई जहां उन्होंने ट्रॉय ट्रेन में बच्चों के साथ बैठकर उनके बीच खुशियां बांटी। इधर नगरवासियों में भी इस छुकछुक चलने वाली ट्रॉय ट्रेन का आकर्षण के साथ भरपूर उत्साह देखने को मिला।नपाध्यक्ष ने बताया कि आदिवासी वर्ग के बच्चे जो बालाघाट के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते है उनके लिये यह ट्रॉय निर्धारित दिनों में नि:शुल्क रहेगी। बालाघाट शहर के मोती उद्यान एवं तालाब परिसर में सैरसपाटे के लिये नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा व्यापक कार्ययोजना के तहत काम किया गया है। उद्यान में विभिन्न प्रजाति के आकर्षक पौधों के साथ ही बच्चों के झूले, ओपन जिम की नवीनतम सामग्री एवं स्वस्थ्य मनोरंजन का माहौल निर्मित हुआ है। अब तक अभिभावकों के पास बच्चों





को घुमाने के लिए सीमित विकल्प थे। किंतु 20 सितम्बर को आकर्षक रूप से सजाकर ट्रॉय ट्रेन का विधिवत शुभारंभ किया गया है। वन संपदा एवं बाघ की बहुतायत के लिये बालाघाट की पहचान है इसे इंगित करते हुए ट्रॉय ट्रेन को टाइगर सिटी बालाघाट बालाघाट स्टेशन नाम दिया गया है, जबकि यह ट्रेन सतपुड़ा एक्सप्रेस के तौर पर उद्यान की हरियाली के बीच छुकछुक करती हुई दौड़कर नैरोगेज ट्रेन की याद दिला रही है। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि आजकल बच्चे मोबाइल, टीवी और वीडियो गेम्स में व्यस्त रहते हैं, उनके स्क्रीन टाइम से दूरी और मानसिक स्वास्थ्य के लिये मोती उद्यान में हरी-भरी वादियों के बीच तथा तालाब के किनारे टॉय ट्रेन की सवारी उन्हें डिजिटल दुनिया से बाहर निकालकर शारीरिक रूप से सक्रिय और मानसिक रूप से तरोताजा करेगी।

#### पहली बार देखी कई आदिवासी बच्चों ने ट्रेन



ट्रॉय ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने इस खुशी को आदिवासी बच्चों के साथ आनंदपूर्वक साझा किया। बालाघाट शहर के अंग्रेजी माध्यम छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को सुविधापूर्वक उनके शिक्षकों के साथ मोती उद्यान में लाया गया था, जहां बच्चों को नपाध्यक्ष ने ट्रॉफी एवं बिस्कीट भी खिलाई गई। उद्यान में इन बच्चों को भरपूर मनोरंजन कराया गया। नपाध्यक्ष ने बताया कि माह के दो दिन इन बच्चों को उद्यान में सैरसपाटे के लिये विशेष प्रयोजन होगा, जबकि ट्रॉय ट्रेन की सवारी इन बच्चों को नि:शुल्क कराई जायेगी। छात्रावास के शिक्षकों ने बताया कि जिले के दूरस्थ आदिवासी अंचल में रहने वाले यह बच्चे अंग्रेजी माध्यम छात्रावास में रहकर स्कूली पढ़ाई करते है, 100 में से 7 आदिवासी बच्चे ऐसे थे जिन्होंने पहली बार कोई ट्रेन देखी है, ट्रॉय ट्रेन की सवारी कर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने भरपूर आनंद उठाया।

## संवेदनशील पहल और चिकित्सकीय साहस से बची बैगा महिला और नवजात की जान

### अत्यंत जटिल प्रसव में किया सफल ऑपरेशन, 45 मिनट तक चली चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया

**बालाघाट, देशबन्धु।** कभी-कभी चिकित्सा केवल इलाज तक सीमित नहीं रहती, बल्कि संवेदनशील निर्णय, अनुभव और टीमवर्क किसी परिवार के लिए जीवन की सबसे बड़ी उम्मीद बन जाते हैं। जिला चिकित्सालय बालाघाट में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां अत्यंत जटिल परिस्थितियों में एक बैगा महिला और उसके नवजात शिशु की जान बचाने के लिए चिकित्सकों की टीम ने जिला अस्पताल में ही जोखिमपूर्ण ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय शौकरिन, पत्नी रूपचंद बैगा, निवासी बैंगाटोला सोनगुड्डा, तहसील बिरसा, को 20 सितंबर 2026 को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती कराया गया था। महिला की स्थिति गंभीर थी। प्रसव समय से पहले हो रहा था और गर्भस्थ शिशु की स्थिति ट्रांसवर्स लाई थी। इसके साथ ही एब्डॉमिनल एब्रप्शन, नाल का गले में फंसना, फाल्सीपेरम मलेरिया पॉजिटिव होना, अत्यधिक रक्त की कमी और लगातार





रक्तस्राव जैसी कई गंभीर जटिलताएं मौजूद थीं।

**रेफर करने के बजाय यहीं इलाज का लिया निर्णय**

ड्यूटी पर मौजूद डॉ. स्वाति मेश्राम ने मरीज की गंभीर स्थिति की जानकारी सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन को दी। निश्चेतना संबंधी जटिलताओं के कारण ऑपरेशन को लेकर गंभीर चुनौती सामने थी और मरीज को मेडिकल कॉलेज रेफर करने की स्थिति बन रही थी।ऐसे समय में डॉ. निलय जैन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्णय लिया कि मरीज अत्यंत दूरस्थ क्षेत्र से आई है और बैगा परिवार के लिए तत्काल दूसरे अस्पताल तक पहुंचना कठिन होगा। इसलिए उपलब्ध संसाधनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की मदद से जिला अस्पताल में ही ऑपरेशन का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मेश्राम से उनके लंबे अनुभव के आधार पर इस चुनौतीपूर्ण केस को यहीं संभालने का आग्रह किया। चिकित्सकीय जोखिमों को समझते हुए टीम ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। लगभग 45 मिनट तक चले ऑपरेशन के बाद एक नवजात बालक का सुरक्षित जन्म हुआ। ऑपरेशन सफल होने के बाद चिकित्सकों और परिजनों ने राहत की सांस ली।

**अब मां ठीक, नवजात एसएनसीयू में उपचाररत**

फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों की स्थिति ठीक बताई गई है। नवजात का वजन कम होने के कारण उसे विशेष निगरानी के लिए एसएनसीयू में भर्ती किया गया है, जहां उसे ऑक्सीजन सपोर्ट दिया जा रहा है और चिकित्सकीय निगरानी में उपचार जारी है।